# नोट शीट

**मुख्य विकास अधिकारी / जिलाधिकारी**

महोदय,

दिनांक 08-11-2023 को जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, अधिशासी अभियंता-जल निगम(ग्रामीण) तथा सभी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में जल जीवन मिशन फेज -2, फेज-5 तथा अन्य कार्यक्रमों में स्वीकृत अन्य परयियोजनाओं की समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए ।

समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त तैयार कर दाईं ओर संलग्न है। कृपया अनुमोदित करना चाहें ।

08/11/23

(संजय कुमार जयसवाल)
अधिशासी अभियंता
उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण),
संतकबीरनगर।

9-XI-23
CDO

जिलाधिकारी
सन्त कबीर नगर
9.11.2023

Scanned with OKEN Scanner

पत्रांक- 1962 / m-11 / 16 / 17/11/2023

**दिनांक 08 -11-2023 को जल जीवन मिशन के कार्यों की जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

दिनांक 08-11-2023 को जल जीवन मिशन फेज-2 व फेज-5 से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में की गई।

बैठक में जिला विकास अधिकारी, अधिशासी अभियंता-जल निगम(ग्रामीण), इं० अभिषेक चौहान, डी०पी०एम०, जैक्सन-विश्वराज प्रा० लि०, इं० शैलेन्द्र कुमार शर्मा, जी० एम०, मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि०, इं० बृजेश सिंह, डी०पी०एम०, थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन एजेंसी, श्री ओ०पी० तिवारी, जिला समन्वयक, डी०पी०एम०यू०, ए०डी०एफ०ओ०, वन विभाग उपस्थित रहे। जल जीवन मिशन के कार्यों हेतु तैनात कार्यदायी फर्मों की समीक्षा निम्नानुसार किया गया।

1. **कार्यदायी फर्म (मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि०, हैदराबाद)**

जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मेघा इंजीनियरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर लि, हैदराबाद को फेज-2 के अन्तर्गत कुल 449 राजस्व ग्रामों का कार्य आवंटित किया गया, जिसको सम्मलित करते हुए 171 DPR के माध्यम से संतृप्त किया जाना था। जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 170 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ है। शेष एक परियोजना - रामजंगला , तहसील- धनघटा में भूमि विवाद होने की वजह से कार्य अनारंभ है । इस प्रकरण पर विगत शुक्रवार भूमि संबंधित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में, उपजिलाधिकारी को एक सप्ताह में प्रकरण निस्तारित कराने हेतु निर्देशित किया गया ।

अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा विगत सप्ताह में औसत 250 मैनपावर लगाया गया था जिसमे वृद्धि कर इस सप्ताह औसत 400 मैनपावर लगाया गया है, परंतु अभी भी अपेक्षित संख्या- 850 से बहुत कम है । बताया गया कि ओवरहेड टैंक का कार्य परियोजना का क्रिटिकल ऐक्टिविटी है, जिसका कार्य प्रारंभ होने में विलंब होने अथवा प्रगति धीमी होने पर सम्पूर्ण परियोजना में विलम्ब परिलक्षित होगा । इसके बावजूद भी अभी तक 46 परियोजनाओं पर ओवरहेड टैंक का कार्य अनारंभ है । इसी प्रकार 54 पम्प हाउस का कार्य भी अभी अनारंभ है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि मैनपावर बढ़ाते हुए सभी परियोजनाओं के सभी कम्पोनन्ट पर समानांतर कार्य सुनिश्चित करें । कुल वित्तीय लक्ष्य रू0- 379.30 करोड़ के सापेक्ष रू0- 194.59 करोड़ व्यय किया गया।

अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया कि ओवरहेड टैंक एवं पम्प हाउस इत्यादि की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग द्वारा साप्ताहिक ऑनलाइन समीक्षा बैठक में इनके ऊपर 2 प्रतिशत का liquidated damages का पेनाल्टी लगाया गया है।

परियोजनाओं की कम्पोनन्ट-वार कुल एवं साप्ताहिक प्रगति निम्नानुसार है-

Scanned with OKEN Scanner

| Sn | COMPONENT | TARGET | PROGRESS | | | | | PROGRESS % | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Completed | | Work in progress | | Unstarted | Completed | Work in progress | Unstarted |
| | | | Total | This Week | Total | This Week | | | | |
| 1 | TUBEWELL | 179 No. | 164 | - | 10 | 7 | 5 | 91.62% | 5.59% | 2.79% |
| 2 | PUMP HOUSE | 179 No. | 65 | 10 | 60 | 3 | 54 | 36.31% | 33.52% | 30.17% |
| 3 | PIPELINE | 1406 km | 1317 | 7 | 89 | - | - | 93.67% | 6.33% | - |
| 4 | OVERHEAD TANK | 171 No. | 0 | 0 | 125 | 1 | 46 | 0.00% | 70.10% | 26.90% |
| 5 | HOUSE CONNECTION | 56030 No. | 33837 | 405 | 22598 | - | - | 60.39% | 39.61% | - |
| | | | | | | | | | | |
| A | Direct water supply | 171 Schemes | 109 | | | | | 57 | | |
| B | 100 % commissioning | 171 Schemes | 0 | | | | | 0 | | |
| | | | | | | | | | | |
| C | Road Reinstatement | Total Dismantling qty- 444434 sqm | | | Total Reinstatement Done- 198950 Sqm | | | Progress- 45 % | | |

2. <u>कार्यदायी फर्म (जैक्सन-विश्वराज जे०वी०, नई दिल्ली)</u>

जल जीवन मिशन फेज-5 के अन्तर्गत चयनित फर्म जैक्शन- विश्वराज (ज्वाइंट वेन्चर), नई दिल्ली को कुल 807 राजस्व ग्राम आवंटित है, जिसके सापेक्ष 807 राजस्व ग्रामों को सम्म्लित करते हुए 290 DPR के माध्यम से संतृप्त किया जाना है।

फर्म द्वारा बताया गया कि 63 परियोजनाओं पर भूमि विवाद होने की वजह से कार्य अनारंभ है। इस प्रकरण पर विगत शुक्रवार भूमि संबंधित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में, सबंधित उपजिलाधिकारी को एक सप्ताह में प्रकरण निस्तारित कराने हेतु निर्देशित किया गया। अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया कि इसके अतिरिक्त विवाद रहित परियोजनाओं पर भी कार्य सभी कम्पोनन्ट पर प्रारंभ नहीं है ।

अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा विगत सप्ताह में औसत 1200 मैनपावर लगाया गया था, इस सप्ताह भी औसत 1200 मैनपावर ही लगाया गया है, जो कि अपेक्षित संख्या- 2900 से बहुत कम है । बताया गया कि ओवरहेड टैंक का कार्य परियोजना का क्रिटिकल ऐक्टिविटी है, जिसका कार्य प्रारंभ होने में विलंब होने अथवा प्रगति धीमी होने पर

९८

Scanned with OKEN Scanner

सम्पूर्ण परियोजना में विलम्ब परिलक्षित होगा। इसके बावजूद भी अभी तक 255 परियोजनाओं पर ओवरहेड टैंक का कार्य अनारंभ है। इसी प्रकार 230 पम्प हाउस का कार्य भी अभी अनारंभ है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि मैनपावर बढ़ाते हुए सभी परियोजनाओं के सभी कम्पोनन्ट पर समानांतर कार्य सुनिश्चित करें। कुल वित्तीय लक्ष्य रू0- 796.98 करोड़ के सापेक्ष रू0- 160.56 करोड़ व्यय किया गया।

परियोजनाओं की कम्पोनन्ट-वार कुल एवं साप्ताहिक प्रगति निम्नानुसार है-

| Sn | COMPONENT | TARGET | PROGRESS | | | | | PROGRESS % | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Completed | | Work in progress | | Unstarted | Completed | Work in progress | Unstarted |
| | | | Total | This Week | Total | This Week | | | | |
| 1 | TUBEWELL | 312 No. | 188 | 12 | 9 | 9 | 115 | 60.25% | 2.88% | 36.86% |
| 2 | PUMP HOUSE | 312 No. | 65 | 5 | 17 | 5 | 230 | 20.83% | 5.44% | 73.72% |
| 3 | PIPELINE | 3146 km | 996 | 44 | 35 | 15 | 2150 | 31.66% | 0% | 68.34% |
| 4 | OVERHEAD TANK | 290 No. | - | - | 35 | 1 | 255 | 0% | 12.07% | 87.93% |
| 5 | HOUSE CONNECTION | 155805 No. | 13431 | 1043 | - | - | 142374 | 8.62% | 0% | 91.38% |
| A | Direct water supply | 290 Schemes | 06 | | | | | 2.07% | | |
| B | 100 % commissioning | 290 Schemes | 0 | | | | | 0 | | |
| C | Road Reinstatement | Total Dismantling qty- 80500 | | | Total Reinstatement Done- 52100 | | | Progress- 64.72 % | | |

**3. जल जीवन मिशन से पूर्व स्वीकृत परियोजनाएं**

- अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में जल जीवन मिशन के पूर्व विभिन्न कार्यक्रमों में कुल 112 परियोजनाएं स्वीकृत थीं । जिसके सापेक्ष 44 परियोजनाएं पूर्ण कर संचालन हेतु ग्राम पंचायत को हस्तांतरित है। 31 परियोजनाएं पूर्ण है, परंतु हस्तांतरित नहीं है तथा जल निगम द्वारा संचालित है। शेष 37 परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं ।
- जल निगम द्वारा संचालित 31 परियोजनाओं के सापेक्ष 18 परियोजनाएं संचालित हैं, शेष पर जलापूर्ति बंद है। विगत सप्ताह दो परियोजनाओं पर आवश्यक (1.करेमुआ माफी 2.सेमरी) मरम्मत कार्य कराकर जलापूर्ति चालू कराया गया है। अधिशासी अभियंता, जल निगम(ग्रामीण)

Scanned with OKEN Scanner

को निर्देशित किया गया कि इन सभी परियोजनाओं पर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करते हुए पोर्टल के माध्यम से ग्राम पंचायत को हस्तांतरित कराएं।

- अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत को हस्तांतरित 44 परियोजनाओं में 18 परियोजनाओं पर जलापूर्ति बंद है। जल निगम द्वारा विगत सप्ताह में जिसका कारण नियमित रूप से मरम्मत नहीं किया जाना एवं ऑपरेटर का मानदेय नहीं दिया जाना है। विगत सप्ताह में दो परियोजनाओं पर आवश्यक (1.जगदीशपुर उर्फ लहूरादेवा 2.घोराङ्ग ) मरम्मत कार्य कराकर जलापूर्ति चालू कराया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर परियोजनाओं को ठीक कराने हेतु जनपद स्तर पर एजेंसी इम्पैनल कराकर, प्राक्कलन का परीक्षण जल निगम से कराकर, ग्राम पंचायत द्वारा कार्य कराया जाय ।
- इसी प्रकार 112 परियोजनाओं में सम्मिलित कुल 258 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 29 परियोजनाए / 62 राजस्व ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण किया गया है, जो मात्र 24% है। विगत सप्ताह में 2 परियोजनाए / 6 राजस्व ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण किया गया ।

4. **डी0पी0एम0यू0 (Arvee Associates)**

- जिलाधिकारी महोदय द्वारा डी0पी0एम0यू0 के ड्रिस्ट्रिक्ट कोओर्डिनेटर श्री ओ0पी0 तिवारी को निर्देशित किया गया कि अपनी टीम के सहयोग से समस्त उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर एक सप्ताह में भूमि विबाद के लंबित प्रकरणों को निस्तारित करायें।
- ड्रिस्ट्रिक्ट कोओर्डिनेटर श्री ओ0पी0 तिवारी को निर्देशित किया गया कि वृक्ष कटान संबंधित लंबित प्रकरणों में व्यक्तिगत रुचि लेकर एक सप्ताह में निस्तारित कराएं।

5. **थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेन्सी (Fichtner Consulting Engineers Ltd.)**

- टी0पी0आई0 के डी0पी0एम0- श्री बृजेश कुमार द्वारा बताया गया गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं बिल सत्यापन हेतु इनके पास इंजीनियर एवं सुपरवाइजर की कुल संख्या- 11 मैनपावर की टीम है।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि टी0पी0आई0 के कार्यों का दैनिक अनुश्रवण हेतु प्रत्येक इंजीनियर द्वारा भ्रमण किये गये कार्य स्थल का विवरण, प्रारूप निर्धारित कर प्रतिदिन प्राप्त करायें।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर तत्काल Non-conformance रिपोर्ट जारी करें तथा साप्ताहिक समीक्षा बैठक में फोटोग्राफ सहित प्रस्तुत करें ।

6. **अन्य बिन्दु**

1. दोनों कार्यादायी फर्म द्वारा प्रस्तुत कार्ययोजना में माह - नवंबर 2023 में कुल 7 परियोजनाओं को शत प्रतिशत पूर्ण किया जाना लक्षित किया गया है । जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि इन परियोजनाओं हेतु जनपद स्तरीय अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित कराते हुए वास्तविक प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा मासांत में पुनः निरीक्षण कराकर पूर्णता की स्थिति सत्यापित कराएं । जिसका रिपोर्ट नोडल अधिकारी द्वारा माह- दिसम्बर 2023 की समीक्षा बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा ।

Scanned with OKEN Scanner

2. अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि कार्यादायी फर्म- मेघा इंजी0 द्वारा निर्माणाधीन प्री-कास्ट ओवरहेड टैंक प्लांट का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

(संत कुमार)
मुख्य विकास अधिकारी
संतकबीरनगर

पृ०सं०- 1962 / m-11 / 16 दि० 17/11/2023 दिनांक-

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

1. मंडलायुक्त महोदय, बस्ती मण्डल को सादर अवलोकनार्थ ।
2. जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ ।
3. अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०), संतकबीरनगर ।
4. प्रभागीय वनाधिकारी, संतकबीरनगर वन प्रभाग ।
5. अधिशासी अभियंता, उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण), संतकबीरनगर।
6. जी०एम०, मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि० ।
7. पी०एम०, जैक्सन-विश्वराज (जे०वी०)।
8. डी०सी०, डी०पी०एम०यू०, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।
9. डी०पी०एम०, थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन एजेंसी, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।

मुख्य विकास अधिकारी
संतकबीरनगर